
# बीकानेर के तीरंदाजों ने देश-विदेश में राज्य का नाम किया रोशन : कल्ला

**बीकानेर,** (कास)। शिक्षा मंत्री डॉ बी. डी. कल्ला ने 66 वीं जिला स्तरीय स्कूली खेलों के तहत आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता अंडर 17 एवं 19 वर्ष आयुवर्ग का गुरूवार को शुभारंभ किया।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बारहगुवाड़ द्वारा एम. एम. ग्राउंड में आयोजित शुभारंभ समारोह के दौरान कल्ला ने कहा कि बीकानेर के तीरंदाजों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। यह बीकानेर में खेले जाने वाले प्रमुख खेलों में शामिल होने लगा है। उन्होंने कहा कि श्यामसुंदर स्वामी जैसे तीरंदाजों ने तीरंदाजी में बीकानेर का मान बढ़ाया है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि खिलाड़ी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मेहनत व लगन के साथ अभ्यास करें जिससे ओलंपिक जैसे स्तरीय खेलों में देश का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज बच्चे मोबाइल एवं वीडियो गेम में अपनी ऊर्जा व्यय कर रहे हैं। इससे बच्चे के मस्तिष्क का संपूर्ण विकास नहीं हो पाता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल के दौरान खेल की भावना रखें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पबद्ध है।

राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न राजकीय नौकरी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में स्वर्ण रजत तथा कांस्य पदक जीतने पर क्रमशः 3- 2- व 1 करोड़ रूपए की राशि दी जा रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि खेलों के विकास के लिए उनके द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पाठ्य पुस्तक मंडल की ओर से तीन धनुष उपलब्ध करवाये जायेंगे। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय साइकिल धावक पूजा जाट को विधायक निधि से लगभग 8.50 लाख रूपए की साइकिल उपलब्ध करवाई गई है।



राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बारहगुवाड़ में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने तीर चलाकर जिला स्तरीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

- अंतर्राष्ट्रीय साइकिल धावक पूजा जाट को विधायक निधि से लगभग 8.50 लाख रूपए की साइकिल उपलब्ध कराई
- जिला स्तरीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू

उन्होंने कहा कि शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए नियमित रूप से योग करें नशे से दूर रहें एवं सुपाच्य भोजन करें। शिक्षा मंत्री ने तीर चलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। तीरंदाजी कोच अनिल जोशी ने प्रतियोगिता की रूपरेखा के बारे में बताया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या मधु पुरोहित ने आभार जताया। साहित्यकार डॉ कृष्णा आचार्य ने शिक्षा मंत्री को अपनी दो पुस्तकें भेंट की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुरेन्द्र सिंह भाटी उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा अनिल बोड़ा, उप जिला शिक्षा अधिकारी पदमा तिलवाना, सहायक निदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य, कन्हैयालाल रंगा, आनंद व्यास बतौर अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन यास्मीन बानो ने किया। कार्यक्रम में राजीव पुरोहित, मनोज कल्ला, किशोर पुरोहित, विक्रम रंगा, योगेश्वर व्यास, रविकांत भाटी, क्रांति रंगा, सुमन कंवर, निधि गुप्ता, माया थानवी आदि मौजूद थे।

**ईसीजी मशीन का लोकार्पण :** शिक्षा मंत्री कल्ला ने सर्वोदय बस्ती क्षेत्र के लोगों को अनेक सौगातें दी। वार्ड 55 में देर शाम आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी। शिक्षा मंत्री ने सर्वोदय बस्ती स्थित डिस्पेंसरी में विधायक निधि से 5 लाख रुपए की लागत से उपलब्ध करवाई गई ईसीजी मशीन, सक्शन मशीन तथा सीबीसी मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को लाभ होगा।

उन्होंने समस्त डिस्पेंसरी स्टाफ को सम्मानित किया। शिक्षा मंत्री ने सर्वोदय बस्ती में विधायक निधि से 10 लाख रूपये की लागत से बनाये गए सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कृपाल भैरव मंदिर में ट्यूबवैल का उद्घाटन किया तथा विधायक निधि से मंदिर परिसर में रसोईघर बनाने के लिए 10 लाख रूपये की राशि की घोषणा की। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा पार्षद जावेद पडिहार के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री का भव्य अभिनंदन किया गया। शिक्षा मंत्री डॉ कल्ला ने कहा कि कृपाल भैरव मंदिर में ट्यूबवैल बनने से क्षेत्र के लगभग 4 हजार लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को पेयजल के लिए किसी प्रकार का भी संकट का सामना ना करना पड़े।

## काल भैरवाष्टमी महोत्सव 16 को

**बीकानेर,** (कास)। हिन्दू पंचाग के अनुसार विक्रम संवत् 2079 के मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष में 16 नवम्बर को काल भैरवाष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा।

नत्थूसर गेट गोकुल सर्किल स्थित सूरदासाणी पंचायत बगेची में कोडाणा सियाणा मंदिर के पुजारी अमित पुरोहित ने बताया कि इस वर्ष काल भैरवाष्टमी महोत्सव सूरदासानी बगेची एवं कोडमदेसर में 16 नवम्बर को रात्रिकाल में मनाया जायेगा। इस दिन भैंरूजी मंदिर को रंग- बिरंगी रोशनी एवं चौकी को फूल मलाओं से सजाया जायेगा।

कार्यक्रम के संस्थापक राजकुमार पुरोहित ने बताया कि हर वर्ष की भांति सूरदासानी बगेची में तीन दिवसीय 14 से 16 नवम्बर तक भैरावाष्टमी महोत्सव का कार्यक्रम होगा। जिसमें भैंरूजी का अलग- अलग श्रृंगार किया जायेगा।

सूरदासानी पंचायत बगेची संस्था के अध्यक्ष शंकर पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के तहत भैंरूजी के पाठ, फलों का श्रृंगार एवं दीपमाला का आयोजन किया जायेगा। भैरवाष्टमी के दिन वैदिक मंत्रोचार के साथ पंचगव्य से महाअभिषेक, विषेष श्रृंगार, छप्पन भोग आदि का आयोजन किया जायेगा। भैरवाष्टमी के दिन रात्रि में घड़साना के डेहरू भजन मंडली के कलाकारों द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी।

मीडिया प्रभारी अजय कुमार पुरोहित ने बताया कि काल भैरवाष्टमी महोत्सव को लेकर भैरू भक्तों ने तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी है। जिसमें बंसत व्यास, करनीदान व्यास, अजय पुरोहित, विनय पुरोहित, संजीव व्यास, प्रवीण चूरा, बसंत इत्यादि अपना योगदान दे रहे हैं।

## सार-समाचार

### संभागीय आयुक्त का अभिनंदन



**बीकानेर,** (कास)। शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान बीकानेर के तत्वावधान में संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन का अभिनंदन किया गया। बुधवार को डॉ पवन के निवास पर रचनाकारों एवं कलाकारों ने डॉ पवन द्वारा बीकानेर जिले में करवाए जा रहे विकास कार्यों की उपलब्धि पर यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि संभागीय आयुक्त डॉ पवन विकासोन्मुखी कार्यक्रमों के साथ-साथ कला साहित्य एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर प्रयासरत रहते हैं। जोशी ने कहा कि बीकानेर में पुस्तकालयों के विकास के लिए भी डॉ नीरज के. पवन को कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर कवि. कथाकार राजाराम स्वर्णकार ने स्वरचित कविता प्रस्तुत करते हुए कहा कि चमक उठे है। आपके योगदान को जटिल समस्याओं के समाधान को स्वर्णकार ने नीरज के. पवन की दूरदृष्टि संकल्प धैर्य निष्ठा एवं निर्भयता के गुणों से विभूषित अधिकारी के रूप में नीरज के. पवन की तुलना की। इस अवसर पर डॉ नीरज के. पवन ने कहा कि बीकानेर सद्भाव और सद्भावना वाला शहर है। इस शहर ने बहुत प्यार दिया है। मेरी जिम्मेदारी बनती है कि शहर के विकास के लिए मुझे काम करना चाहिए। डॉ नीरज के. पवन ने कहा कि कला साहित्य एवं संस्कृति के लिए वह हमेशा तत्पर होकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार योगेंद्र पुरोहित, रवि कुमार शर्मा, खेमचंद शर्मा सहित अनेक साहित्यकार व कलाकार उपस्थित थे ।

### सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**बीकानेर,** (कास)। शिक्षा मंत्री डॉ बी. डी. कल्ला ने 155 लाख रुपये की लागत से गोकुल सर्किल से मुरलीधर व्यास कॉलोनी तक बनने वाली सड़क का गुरूवार को शिलान्यास किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि गत तीन वर्षों में शहर की सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए 22.50 करोड़ रूपए स्वीकृत करवाये गए हैं। महानगरों की तर्ज पर बीकानेर शहर में नोखा रोड जैसलमेर रोड और जयपुर रोड पर सड़क के चौडाईकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। श्रीगंगानगर रोड को स्मार्ट सिटी योजना के तहत सिक्स लाइन रोड बनाया जाना प्रस्तावित किया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोटगेट सहित चार शहर के चारों ऐतिहासिक दरवाजों का सौन्दर्यकरण एवं लाइटिंग का कार्य करवाया जा चुका है। लगभग एक करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली सिटी डिस्पेंसरी न.6 का भवन लगभग पूर्णता की ओर है। उन्होंने कहा कि राजकीय जिला अस्पताल सैटेलाइट में सोनोग्राफी एवं एक्स रे मशीन शीघ्र मुहैया करवाई जायेगी। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता ने विभाग द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में नवरतन व्यास, पूनम व्यास, पार्षद विजयसिंह राजपूत, दुर्गादास छंगाणी, शिवकुमार व्यास, अशोक पुरोहित, भरत पुरोहित, संतोष रंगा, विष्णु कुमार रंगा, भंवरलाल बोहरा, जसवंत सिंह, सुमित कोचर, अधिशासी अभियंता नरेश जोशी, जे. पी. अरोड़ा, सहायक अभियंता कुसुम आचार्य मौजूद थे।

### नोखा बाजार में अतिक्रमण हटाया

**नोखा,** (निसं)। बाजार में दुकानों के आगे पट्टे लगाकर किये गए अतिक्रमण को नोखा नगर पालिका के कार्मिकों के द्वारा हटाया गया। हालांकि नगर पालिका प्रशासन अभी भी आधे अतिक्रमण नहीं हटा पाया है। जानकारी के अनुसार लोगों ने दुकानों के आगे लगाकर जालियां, पट्टे और सामान लगाकर अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे लोगों का पैदल चलना मुश्किल कर दिया था, जिससे हर दिन जाम लग जा रहा था। जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देने पर कुछ लोगों ने पहले अतिक्रमण हटा लिया था। कार्रवाई में नोखा नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पूनमचंद नाई, कार्मिक लक्ष्मीनारायण महाराज, अशोक पंचारिया सहित सफाई कार्मिक, होमगार्ड के जवान उपस्थित थे। इस दौरान घंटाघर, मिर्ची पट्टी, भूतड़ा कोल्हू, लखारा चौक, कटला चौक क्षेत्र से अतिक्रमण हटाए गए। बाहर पड़े अतिक्रमण को ट्रैक्टर ट्रोलियों में भरकर नगर पालिका ले गए। नोखा में नेशनल हाईवे 89 पर स्थित दुकानदारों ने हद को पार करते हुए दुकानों के आगे 40 फीट तक टैंट लगा रखे हैं। वहीं मुख्य बाजार में दुकानदारों ने 10-10 फीट तक पाटे, जालियां व सामान लगाए हैं। कटला चौक में तो बीच बाजार में 15-15 फीट जालियां लगाकर सब्जी व्यापारियों ने अस्थाई कब्जा कर रखा हैं। इसके अलावा कई दुकानदारों ने दुकानों के आगे स्टॉल लगाकर कब्जा जमाया है जिससे आमजन का राह से निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

# स्काडा बंद करने से नहर में पानी की उपलब्धता का पता लगाना मुश्किल

**बीकानेर,** (कासं)। इंदिरा गांधी नहर से जुड़े हजारों किसानों को हर रोज पानी की उपलब्धता की रिपोर्ट दी जाती थी। स्काडा नाम के प्रोजेक्ट के तहत किसान अपने मोबाइल पर आसानी से ये पता कर लेता था कि अब पानी नहर में कहां तक पहुंच गया है। पिछले दिनों सरकार ने स्काडा को बंद करके ये सारी जानकारी अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी।

ऐसे में अनपढ़ किसानों के लिए वेबसाइट को खंगालना मुश्किल हो गया है। नतीजतन किसान को पता ही नहीं चलता कि उसके खेत में बारी के बावजूद पानी आयेगा या नहीं। दरअसल स्काडा प्रोजेक्ट के तहत किसान को चौबीस घंटे ये सूचना मिलती थी इंदिरा गांधी नहर के मुख्य नहर के अलावा किस आरडी पर कितना पानी पहंचा है। इससे ये तय हो जाता था कि इतने दिन बाद पानी खेत तक आ जायेगा। इस

- अनपढ़ किसानों के लिए वेबसाइट को खंगालना मुश्किल हो गया
- ऑफिशियल वेबसाइट पर आ रही रिपोर्ट

बीच 'स्काडा' को किसान की पहुंच से दूर कर दिया गया। कुछ महीने तक कहीं से भी किसान को पानी की जानकारी नहीं मिल रही थी।

पिछले दिनों किसानों ने संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन से संपर्क करके उन्हें बताया कि पानी की उपलब्धता की पारदर्शी व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। इस पर पवन ने नहर व सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों को तलब किया। तब कमांड एरिया डवलपमेंट की ऑफिशियल वेबसाइट पर ये सूचना शुरू की गई। नई व्यवस्था से किसान पूरी तरह अनभिज्ञ है। अगर विभाग कोई मोबाइल एप बनाकर ये सूचना देता तो किसान एप को डाउनलोड कर लेते लेकिन किसी वेबसाइट में सेक्शन ढूंढकर पानी की जानकारी लेना मुश्किल है। ऐसे में किसानों की डिमांड है कि एप बनाकर वहां पर ये जानकारी दी जाए। अभी कागज से लिखी रिपोर्ट्स यहां इमेज फॉरमेट में अपलोड कर दी जाती है। खराब राइटिंग के चलते समझ ही नहीं आता कि पानी कितना आ रहा है। नहर से जुड़े मुद्दों पर काम करने वाले नरेन्द्र आर्य का कहना है कि नई व्यवस्था से आम किसान नहीं जुड़ पायेगा।

सरकार को चाहिए कि बेहतर मोबाइल एप बनाई जाए ताकि किसान जुड़ सके। वर्तमान में जो रिपोर्ट दी जा रही है, वो हाथ से लिखा फॉरमेट है, जो कई बार समझ नहीं आता।

## राजीविका दल गुजरात रवाना

**बीकानेर,** (कास)। राजीविका के स्वयं सहायता समूह एवं स्टाफ सदस्य गुरूवार को गुजरात के आनंद में मोरिंगा प्रोसेसिंग यूनिट के एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना हुए।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी नित्या के. ने जिला परिषद से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया गया। इस अवसर पर राजीविका के योगेश चोबदार, रघुनाथ डूडी, सीताराम राजोरिया, मनोज कुमार सैनी, श्रवन कुमार बिश्नोई व पूनमचंद लोहिया उपस्थित थे।

इस एक्सपोजर विजिट से सहजन की पत्तियों से पाउडर व टेबलेट्स तैयार करने संबंधी जानकारी मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सहजन मानव शरीर के बहुत लाभदायक है। इसकी पत्तियां, फली, तना और जड़ आदि के सेवन से 300 प्रकार की बीमारियों से राहत मिलती है। नित्या के. ने बताया कि सहजन फली, सहजन के पौधे से बने मूल्य संवर्धित उत्पादों की बाजार में बेहद मांग है।

# सूरतगढ़ पालिका ने 512 पट्टे बांटे

**सूरतगढ़,** (कासं)। नगर पालिका की ओर से पट्टे वितरण का विशेष मेगा शिविर कार्यक्रम पालिका कार्यालय के सामने आयोजित किया गया। जिसमें 512 पट्टों का वितरण किया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं विधायक रामप्रताप कासनिया,पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा, पूर्व विधायक गंगाजल मील, एडीएम अरविन्द जाखड़, एसडीएम संदीप कुमार, तहसीलदार रामकुमार, डीएसपी किशनसिंह बिजारणिया और पीसीसी सदस्य हनुमान मील आदि भी मौजूद थे।

मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने कहा कि पात्र लोग राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इसके लिए सरकार ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे स्वास्थ्य बीमा योजना, चिरंजीवी योजना, दुर्घटना बीमा योजना शुरू कर

- जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

रखी है। उन्होंने नगर पालिका द्वारा शिविर में 512 पट्टों के वितरण को सराहनीय कार्य बताते हुए इसके लिए अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, पार्षद तथा पालिका कर्मचारियों को बधाई दी। जिले में स्वास्थ्य जांच के अभियान की शुरुआत की जायेगी।

पालिका ईओ विजय प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत 2400 पट्टे जारी किए जा चुके हैं। नए नियमों और संशोधनों पर अमल करते हुए वंचित लोगों के भी पट्टे बनाए जा रहे हैं। सूरतगढ़ पहली नगर पालिका है जो इतनी संख्या में पट्टे बना चुकी है। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में पट्टे वितरण का कार्य किया गया।

# कृषि क्षेत्र में रोजगार की जानकारी देंगे

**बीकानेर,** (कास)। शहर के राजकीय विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों, विशेषकर कृषि संकाय के विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने के उद्देश्य से स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय द्वारा करियर काउंसलिंग व अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

प्रसार शिक्षा निदेशालय के जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि राजकीय फोर्ट स्कूल में अगले सप्ताह विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा विशेषज्ञ द्वारा कृषि शिक्षा के महत्व व रोजगार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जायेगी। राजस्थान सरकार के कृषि शिक्षा, कृषि व कृषक हितैषी निर्णयों, योजनाओं व कार्यक्रमों से अवगत कराया जायेगा। कृषि विज्ञान

- कृषि विश्वविद्यालय द्वारा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम

में छात्राओं के लिए भी काउंसलिंग और अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे और इसके लिए कृषि विज्ञान वाले विद्यालयों से भी संपर्क किया जा रहा है। सोनी ने बताया कि जानकारी के अभाव में विद्यार्थियों को कई सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थी ना केवल कृषि क्षेत्र में निहित रोजगार व उद्यमिता विकास की संभावनाओं के बारे में बल्कि इस दिशा में सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानेंगे।

## बिजली चोरी पकड़ी

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। विद्युत विभाग की ओर से बिजली चोरी रोकने के लिए जिला स्तर पर सतर्कता जांच दिवस के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान 183 स्थानों से बिजली चोरी पकड़ी गई।

विभाग के अधीक्षण अभियंता एलएस मान ने बताया कि बुधवार को गंगानगर वृत्त के 5 अधिशासी अभियंता, 18 सहायक अभियंता और 54 कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा संपूर्ण जिले में छापामारी की गई। इस दौरान 183 जगह बिजली चोरी पकड़ी गई। जुर्माना राशि नहीं जमा करवाने पर विद्युत चोरी निरोधक थाने में नियम अनुसार एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे बिजली चोरी की सूचना उपभोक्ता सेवा केन्द्र के टोल फ्री नंबर 1800-180-6045 पर देवें, जिससे निगम बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवा सके।

# डीएपी के 7800 कट्टे बांटे, किसानों की भीड़ उमड़ी

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ क्षेत्र में डीएपी खाद की काफी किल्लत चल रही है। कृषि विभाग के द्वारा जब भी डीएपी खाद का वितरण किया गया है उसी समय किसानों की भारी भीड़ डीएपी खाद लेने पहुंच जाती है और किसानों को बार-बार कतारों में लगना पड़ता है।

गुरूवार को अनूपगढ़ तहसील क्षेत्र में 7800 थैले डीएपी खाद के पहुंचे हैं। अनूपगढ़ की नई धान मंडी में सिंचाई विभाग के सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी के नेतृत्व में डीएपी खाद का वितरण किया जा रहा है। सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि एक किसान को डीएपी खाद के तीन थैलों का कूपन दिया जा रहा है

- एक किसान को डीएपी के तीन थैलों का कूपन दिया जा रहा है

और सुरक्षा शांति और यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद है।

नई धान मंडी में डीएपी खाद लेने पहुंचे किसानों ने बताया कि सरकार के द्वारा काफी कम मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध करवाई जा रही है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद दी जाए ताकि किसान का समय बचे और समय पर खेतों में डीएपी खाद का छिड़काव हो सकें। कृषि विभाग के सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में डीएपी खाद की मांग अधिक है और खाद की पूर्ति कम हो रही है। चौधरी ने बताया कि अनूपगढ़ तहसील में गुरूवार को 7800 थैले डीएपी खाद के मिले हैं। डीएपी खाद को किसानों तक पहुंचाने के लिए अनूपगढ़ की नई धान मंडी, रामसिंहपुर नाहरावाली, गांव 6 एलएम, बांडा कॉलोनी, बांडा और 9 एलएसएम की क्रय-विक्रय सहकारी समिति में डीएपी खाद पहुंचाई गई है। खाद के वितरण के दौरान अनूपगढ़ पुलिस थाने के एसआई संपत स्टाफ के साथ मौजूद थे। एसआई संपत ने बताया कि डीएपी खाद लेने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ी।

# नोखा में रस्साकस्सी प्रतियोगिता प्रारंभ, जिले की सौ टीमें शामिल

**नोखा,** (निसं)। 66 वीं जिला स्तरीय (19 वर्ष 17 वर्ष )छात्र-छात्रा वर्ग की रस्साकस्सी प्रतियोगिता राजकीय बाबा छोटूनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम के विशेष आमंत्रित अतिथि भागवताचार्य कन्हैया लाल पालीवाल 'प्रभु प्रेमी' ने उपस्थित खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेल भावना से विद्यार्थी शारीरिक बल के साथ-साथ मानसिक व सामाजिक रूप से भी सबल बनता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वह नगरपालिका उपाध्यक्ष निर्मल कुमार भूरा ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थी के जीवन में सहनशीलता का विकास करती है तथा छात्र बिना हताश हुए अपने लक्ष्य को पाने के लिए सतत



नोखा में भगवताचार्य कन्हैया लाल पालीवाल ने रस्सा कस्सी की प्रतियोगिता शुभारम्भ किया।

प्रयास करता रहता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार दडिया ने कहा कि दो दलों में से एक पक्ष जीतता है तथा दूसरा पक्ष हारता है। किंतु खेल को खेल की भावना से खेलें ताकि आप एक अच्छे खिलाड़ी बन सकें। शाला प्रधानाचार्य नारायणदत्त सारस्वत ने स्वागत भाषण के द्वारा आगंतुक गणमान्य जनों, टीम प्रभारियों व खिलाड़ियों का स्वागत किया।

- खेल के नियमों व आज होने वाले मैचों की जानकारी दी गई

प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक ओमप्रकाश जाखड़ ने इस खेल के नियमों व आज होने वाले मैचों की जानकारी दी। जिला खेल प्रभारी (माध्यमिक शिक्षा) धर्म सिंह यादव ने बताया कि यह खेल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष ही लागू किया है तथा जिलेभर से लगभग 100 टीमें छात्र-छात्राओं की भाग ले रही है। विशिष्ट अतिथि आसकरण भट्ट, उप कोषाधिकारी रमेश व्यास आदि ने भी विचार व्यक्त किए मंचस्थ अतिथि गणों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथि सम्मान किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से घायल

**बीकानेर,** (कासं) नागणेचीजी मंदिर के पास रेल की चपेट में आने से एक युवती घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। देशनोक की रहने वाली युवती के पैर व सिर में गंभीर चोट आई है। नागणेची मंदिर से रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया के बीच बने रेलवे क्रॉसिंग से देशनोक की तारा चौहान पुत्री मोडाराम चौहान जा रही थी। वो क्रॉसिंग से दूर थी और रेल पटरियों पर पहुंच गई। इसी दौरान आई रेल ने टक्कर मारी तो एक तरफ गिर गई। इससे उसका एक पैर ट्रेन की चपेट में आ गया। गिरने से सिर पर भी चोट लगी है। एक पैर पूरी तरह कुचला गया है। जिसका इलाज चल रहा है। पैर काटने जैसी स्थिति भी आ सकती है। बताया जा रहा है कि लड़की पहले फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान वो रेल की पटरियों पर पहुंच गई। अभी ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि वो जानबूझकर पटरियों पर पहुंची थी या फिर फोन पर बात करते हुए गलती से पहुंच गई।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100495 **लोक सूचना** दिनांक : 10.11.2022

श्रीगंगानगर होम डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री वरूण सिंघल पुत्र श्री प्रेम रतन सिंघल निवासी 4-डी-02 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 2 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर होम डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री वरूण सिंघल पुत्र श्री प्रेम रतन सिंघल | चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 32 के किला नं. 19 की 0.23 है. में से 0.0013 है. किला नं. 20 की 0.253 है. में से 0.006 है. किला नं. 21 की 0.2280 है. में से 0.088 है. किला नं. 22 की 0.2280 है. में से 0.021 है., यथाकुल 0.1163 हैक्टेयर | कुल 0.1163 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.11.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100496 **लोक सूचना** दिनांक : 10.11.2022

श्रीगंगानगर होम डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री वरूण सिंघल पुत्र श्री प्रेम रतन सिंघल निवासी 4-डी-02 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 2 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर होम डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री वरूण सिंघल पुत्र श्री प्रेम रतन सिंघल | चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 32 के किला नं. 19 की 0.253 है. में से 0.007 है. किला नं. 22 की 0.2280 है. में से 0.1034 है., यथाकुल 0.1104 हैक्टेयर | कुल 0.1104 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.11.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100497 **लोक सूचना** दिनांक : 10.11.2022

श्रीगंगानगर होम डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री वरूण सिंघल पुत्र श्री प्रेम रतन सिंघल निवासी 4-डी-02 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 2 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर होम डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री वरूण सिंघल पुत्र श्री प्रेम रतन सिंघल | चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 32 के किला नं. 19 की 0.253 है. में से 0.007 है. किला नं. 22 की 0.2280 है. में से 0.1034 है., यथाकुल 0.1104 हैक्टेयर | कुल 0.1104 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.11.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# सौम्या को मेयर पद से बर्खास्त करने का आदेश रद्द

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि वह गत दस अगस्त की न्यायिक जांच रिपोर्ट के आधार पर सौम्या को व्यक्तिगत सुनवाई का मौका देकर नए सिरे से आदेश जारी करे

■ अदालत ने स्पष्ट किया है कि जब सौम्या को हटाने वाला राज्य सरकार का 27 सितंबर का आदेश ही अब अस्तित्व में नहीं है तो फिर ग्रेटर नगर निगम के मेयर पद के लिए चुनाव करवाए जाने का भी कोई औचित्य नहीं है और ना ही इसके लिए अभी चुनाव हो सकते हैं

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सौम्या गुर्जर को राहत देते हुए राज्य सरकार के गत 27 सितंबर के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसके तहत राज्य सरकार ने सौम्या गुर्जर को ग्रेटर निगम के मेयर पद से बर्खास्त कर दिया था। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि वह गत दस अगस्त की न्यायिक जांच रिपोर्ट के आधार पर सौम्या को व्यक्तिगत सुनवाई का मौका देकर नए सिरे से आदेश जारी करे। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जब सौम्या को हटाने वाला राज्य सरकार का 27 सितंबर का आदेश ही अब अस्तित्व में नहीं है तो फिर ग्रेटर नगर निगम के मेयर पद के लिए चुनाव करवाए जाने का भी कोई औचित्य नहीं है और ना ही इसके लिए अभी चुनाव हो सकते हैं। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश सौम्या गुर्जर की याचिका को निस्तारित करते हुए दिए।

मामले में बुधवार को बहस अधूरी रहने के कारण अदालत ने मामले की सुनवाई गुरुवार को तय की थी। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान सुबह करीब 10.40 बजे अदालत ने सौम्या को बिना सुने बर्खास्त करने वाले आदेश पर राज्य के एएजी अनिल मेहता को कहा कि वे सरकार से निर्देश प्राप्त कर बताएं कि वे 27 सितंबर का आदेश वापस ले रहे हैं या अदालत इसे रद्द करे। इसके साथ ही अदालत ने सुनवाई आधे घंटे टाल दी। वहीं बाद में वापस शुरू हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कहा कि वह 10 अगस्त की न्यायिक जांच रिपोर्ट के आधार पर याचिकाकर्ता को नोटिस देकर उसे सुनवाई का मौका देते हुए नए सिरे से आदेश जारी करेंगे। ऐसे में याचिका निस्तारित कर दी जाए। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन न्यायिक जांच रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार की कार्रवाई में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन हुआ है और याचिकाकर्ता को सुने बिना उसे मेयर पद से बर्खास्त किया है, जो गलत है। इसलिए राज्य सरकार के बर्खास्तगी वाले आदेश को रद्द किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सौम्या को बर्खास्त करने वाले आदेश को रद्द कर दिया है। दरअसल सौम्या ने अपनी याचिका में उसे मेयर पद से हटाने और छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य करने के साथ ही वार्ड में उप चुनाव करवाए जाने की कार्रवाई को चुनौती दी थी।

उधर हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद सौम्या गुर्जर ने कहा " मुझे न्यायपालिका पर भरोसा था, वह आज भी कायम हैं और आगे भी रहेगा। हमारा संघर्ष जारी रहेगा और जीत सत्य की होगी।"

# नेताओं की घेराबंदी के बीच वोट डालने नगर निगम पहुंचे पार्षद



जयपुर ग्रेटर नगर निगम के महापौर उपचुनाव में गुरूवार को भाजपा-कांग्रेस पार्षदों ने कतार लगाकर अपना मतदान किया।

■ नेताओं की घेराबंदी के बीच वोट डालने नगर निगम पहुंचे पार्षद

■ सबसे पहले कांग्रेसी पार्षद चार-चार के ग्रुप में वोट डालने पहुंचे, फिर भाजपा पार्षद दो-दो के गुट में आए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। ग्रेटर नगर निगम के महापौर उपचुनाव में भाजपा की प्रत्याशी रश्मि सैनी और कांग्रेस की हेमा सिंघानियां में से मेयर चुनने के लिए भाजपा-कांग्रेस के पार्षद नेताओं की घेराबंदी के बीच नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। सुबह 10 बजे वोटिंग शुरू हुई थी, कई भाजपा पार्षद माथे पर राधे लिखकर वोट देने पहुंचे। पार्टी की मेयर प्रत्याशी रश्मि सैनी भी कुछ इसी अंदाज में मतदान करने पहुंची। सबसे पहले कांग्रेसी पार्षद वोट करने पहुंचे थे। इसके बाद भाजपा पार्षदों को पार्टी के बड़े नेता बाड़ेबंदी से निकालकर लाए। कांग्रेस के पार्षदों को चार-चार के बैच में वोटिग करने भेजा गया। जबकि भाजपा के पार्षदों को दो-दो की संख्या में मतदान करने के लिए अंदर भेजा। इससे पहले सुबह बाड़ेबंदी से कांग्रेस पार्षदों को एक बस में नगर निगम लाया गया। वहीं, करीब 11 बजे भाजपा पार्षदों की बस भी मतदान स्थल पहुंची।

कांग्रेस ने मेयर पद के लिए हेमा सिघानिया को जबकि भाजपा ने रश्मि सैनी को प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले बुधवार देर रात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया होटल में पार्षदों से मिलने पहुंचे थे। मतदान कर बाहर निकलीं महिला पार्षदों ने विक्ट्री साइन बनाया। ग्रेटर नगर निगम में चुनाव के लिए दोनों पार्टी के बड़े नेता लगातार सक्रिय रहे।

विधायक अशोक लाहोटी, कालीचरण सराफ, नरपत सिह राजवी, रामलाल शर्मा, पूर्व मंत्री और विधायक रहे राजपाल सिंह शेखावत, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा अपने-अपने क्षेत्र के पार्षदों को एकजुट करने में लगे। सभी ने पार्षदों से साफ कह दिया था कि यह हमारी इज्जत और प्रतिष्ठा का सवाल है। वहीं, कांग्रेस ने भी अपने पार्षदों की बाड़ेबंदी भी की थी। हालांकि, उनकी बाड़ेबंदी में अधिक सख्ती दिखाई नहीं दी थी।

ज्ञात रहे कि आज से ठीक 2 साल पहले यानी 10 नवंबर 2020 को ही जयपुर नगर निगम ग्रेटर के मेयर के चुनाव हुए थे। तब भाजपा से सौम्या गुर्जर उम्मीदवार थी, जबकि कांग्रेस से दिव्या सिंह। इन चुनावों में सौम्या गुर्जर को 150 में से 97 वोट मिले थे, जबकि दिव्या सिंह को 53 वोट। इस तरह सौम्या 44 वोटों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए नगर निगम ग्रेटर की पहली मेयर बनी थी।



जयपुर ग्रेटर नगर निगम की कार्यवाहक महापौर शील धाभाई ने अपने दफ्तर में पहुंचकर उपचुनाव की गतिविधियों पर नजर बनाये रखी।

# अदालती फैसला कांग्रेस सरकार के मुंह पर तमाचा : सतीश पूनियां

■ उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि ''न्यायालय के घर देर हो सकती है, लेकिन अंधेर कभी नहीं!'' गहलोत सरकार की खोटी नीति और नीयत का पर्दाफाश हुआ है।

**जयपुर** (कासं)। जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर की बर्खास्तगी रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने गहलोत सरकार को जमकर घेरा है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश से राजस्थान की कांग्रेस सरकार के चेहरे पर तमाचा पड़ा है। सरकार ने जयपुर ग्रेटर नगर निगम की चुनी हुई मेयर को हटाने की साजिश की। पूनिया ने कहा किसी भी हालत में जयपुर ग्रेटर मेयर तो बीजेपी का ही रहेगा, क्योंकि हमारे पास बहुमत है, मेजोरिटी को किसी भी सूरत में कांग्रेस नकार नहीं सकती है।

बीजेपी मुख्यालय में मीडिया से रूबरू होकर पूनिया ने कहा कि सरकार तो बदले और बदनीयती की राजनीति शुरू से कर रही थी। पिछले 2 वर्षों से जयपुर के साथ अन्याय किया। जयपुर समेत बीजेपी के जितने निकाय थे, उनको बिना वजह डिस्टर्ब करने का काम किया। विकास में बाधा बनी। वहां पर राजनीतिक षडयंत्र रचे। जब चारों तरफ से रास्ते बंद हुए और उन्हें सफलता नहीं मिली तो पीछे से दरवाजे से अपने लोगों को काबिज करने की कोशिश की। अब कोर्ट ने एक तरीके का फैसला लिया है, इसका रिजल्ट किस रूप में आता है यह भविष्य के गर्भ में है। लेकिन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। पार्टी का पूरा पार्षद दल एकजुट था। सबने मतदान किया। काउंटिंग बाकी थी। अब कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव आयोग ने उसे रोका है। आगे का प्रोसेस क्या रहेगा, वो तो कोर्ट और चुनाव आयोग तय करेंगे। लेकिन जैसी भी परिस्थिति रहेगी पार्टी उसका आंकलन करके आगे बढ़ेगी।

सौम्या गुर्जर को सुनवाई का पूरा मौका देने के कोर्ट के आदेश पर पूनिया ने कहा अगर सरकार की नीयत साफ होती तो इस तरह के एपिसोड नहीं होते। कोर्ट क्या करता है, आगे वह क्या कार्रवाई करेगा, ये तो भविष्य के गर्भ में है। इसलिए इस पर टिप्पणी करना सही नहीं होगा। कुल मिलाकर इससे सरकार पूरी तरह एक्सपोज हुई है। पूनिया ने कहा किसी भी हालत में मेयर तो बीजेपी का ही रहेगा, क्योंकि हमारी मेजोरिटी है। हमारा बहुमत है, जिसे चाह कर भी वो किसी भी तरह से नकार है। सकते है।

वहीं दूसरी ओर उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कोर्ट के आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के घर देर हो सकती है, लेकिन अंधेर कभी नहीं! गहलोत सरकार की खोटी नीति और नीयत का पर्दाफाश हुआ है। राज्य सरकार ने नौकरशाही का बेवजह इस्तेमाल करते हुए चुने हुए जनप्रतिनिधि तत्कालीन मेयर सौम्या गुर्जर को अपदस्थ करने के साथ ही 6 साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने की साजिश रची थी। न्यायालय के निर्णय ने यह साबित कर दिया कि सरकार ने विपक्षी पार्टी भाजपा के लोकतांत्रिक पद्धति से चुने हुए मेयर, जिला प्रमुख, सभापति व प्रधानों को किस तरह से अपदस्थ करने की साजिश नौकरशाही के दम पर रची जा रही है।

# करोना से टोंक में एक संक्रमित की मौत

## राज्य में गुरूवार को 31 नए मरीज मिले हैं

■ पिछले चौबीस घंटों में सर्वाधिक 16 नए संक्रमित जयपुर में सामने आए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में लगातार दूसरे दिन गुरूवार को करोना से एक और संक्रमित की मौत हुई है। वहीं इस बीच राज्य में 31 नए मरीज मिले हैं। राहत की बात यह है कि पिछले चौबीस घंटों में रिकवरी अधिक होने से एक्टिव केस घटकर ढाई सौ से कम रह गए हैं।

प्रदेश में गुरूवार को टोंक में करोना से एक मरीज की मौत हुई है। इससे पहले बुधवार को बीकानेर में भी एक संक्रमित ने दम तोड़ा था। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9648 लोगों की जान जा चुकी है। इधर पिछले चौबीस घंटों में राज्य के 9 जिलों में 31 नए संक्रमित मिले हैं। आज भी सबसे ज्यादा 16 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर, चित्तौड़गढ़ व कोटा में 3-3, सीकर में 2 तथा डूंगरपुर, जोधपुर, प्रतापगढ़ और टोंक में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 5934 जांचे की गई है।

प्रदेश में गुरूवार को भी नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान राज्य में 78 मरीज ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 247 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 36 संक्रमितों के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 57 रह गए हैं।

राजधानी जयपुर में गुरूवार को 12 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें चाकसू में तथा सिविल लाइंस, दुर्गापुरा, गोपालपुरा, गोविंदगढ़, जमवारामगढ़, झोटवाड़ा, कोटपूतली, फागी, सोड़ाला और विद्याधर नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 4 संक्रमितों का पता गलत मिला है।

# सरकार ने विद्युत उपभोक्ताओं की कमर तोड़ी : राठौड़

■ 'सोलर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की बजाय राज्य सरकार महंगा कोयला खरीदने पर विशेष जोर दे रही है'

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि अपने नीतिगत दस्तावेज जनघोषणा पत्र में बिजली दरों में बढ़ोतरी नहीं करने का दावा कर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने पिछले दरवाजे से एक बार फिर महंगी दरों पर कोयला खरीदने के नाम पर प्रदेश के 1 करोड़ 42 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को 21 पैसे अतिरिक्त प्रति यूनिट फ्यूल सरचार्ज के हिसाब से 375 करोड़ रुपये का जोरदार झटका देने का निर्णय किया है जिसकी वसूली आगामी नवंबर और दिसंबर 2022 के बिलों में की जायेगी। सरकार ने दीपावली के त्यौहार व शादी के अवसर पर फ्यूल सरचार्ज वसूलने का आदेश निकालकर विद्युत उपभोक्ताओं की कमर तोड़ने और महंगाई का चाबुक चलाने का काम किया है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के 4 वर्षीय कार्यकाल में अब तक फ्यूल सरचार्ज के रूप में औसतन 69 पैसे प्रति यूनिट का अतिरिक्त भार प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं पर लादा जा चुका है जबकि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज मात्र 18 पैसे प्रति यूनिट था। राज्य सरकार बिजली कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार कर महंगी दरों पर बिजली व कोयला खरीद, कृषि कनेक्शन देने के टर्नकी प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार और चहेती निजी विद्युत उत्पादन कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए निरंतर उपभोक्ताओं की जेब काट रही है वहीं दूसरी ओर संस्थागत भ्रष्टाचार का तांडव मचाकर जमकर चांदी कूट रही है।

राठौड़ ने कहा कि कोयले के अतिरिक्त ब्रिज लिंकेज के माध्यम से विभिन्न निजी कोयला उत्पादन कंपनियों को विद्युत उत्पादन निगम पूर्व में आवंटित कोल ब्लॉकों से 40 फीसदी अधिक महंगी दर पर खरीदकर उसकी धुलाई के नाम पर वाशरी ऑपरेटरों के साथ मिलीभगत कर भ्रष्टाचार का ताना-बाना बुनने का काम कर रहा है। कोयले की धुलाई के कारण बिजली उत्पादन भी 40 पैसे प्रति यूनिट मंहगा पड़ रहा है और घरेलू कोयले के साथ विदेशी कोयले के 10 फीसदी सम्मिश्रण से 50 पैसे प्रति यूनिट अतिरिक्त लागत का भार भी अंतोगत्वा उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। राठौड़ ने कहा कि सोलर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की बजाय राज्य सरकार महंगा कोयला खरीदने पर विशेष जोर दे रही है। जबकि राजस्थान के क्षेत्रफलानुसार सौर ऊर्जा की क्षमता 142 गीगावाट यानी 1 लाख 42 हजार मेगावाट की है। सरकार निजी ऊर्जा विद्युत उत्पादन कंपनियों के साथ लाखों-करोड़ों रुपये के एमओयू करके हमारी बेशकीमती भूमि को रियायती दरों पर दे रही है।

# हाउसिंग बोर्ड में होगी 311 कार्मिकों की भर्ती : अरोड़ा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान आवासन मण्डल में जल्द ही रिक्त पदों पर भर्ती होगी। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने मण्डल में 311 कार्मिकों की भर्ती प्रकिया को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एलओआई जारी करने तथा भर्ती एजेंसी का चयन करने की प्रक्रिया को दो सप्ताह के भीतर पूरा कर मंडल में कार्मिकों की कमी को शीघ्र दूर किया जाएगा।

आवासन आयुक्त ने गुरूवार को बोर्ड रूम में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यूनियन के पदाधिकारियों के साथ मंडल प्रशासन की 17 सूत्री मांगपत्र पर करीब डेढ़ घंटे तक वार्ता हुई, जिसमें लगभग सभी मांगों पर मंडल प्रशासन एवं संघ के बीच सहमति बनी।

यूनियन के पदाधिकारियों ने मंडल में लैंड बैंक की स्थापना करने, भूमि अवाप्ति प्रकरणों का शीघ्र निष्पादन किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। आवासन आयुक्त ने बताया कि जयपुर, उदयपुर, निवाई, पाली आदि स्थानों पर जमीनों के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जिन पर हाल ही में प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास की अध्यक्षता में हुई बैठक में सहमति दी जा चुकी है। बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के पेंशन फंड एवं लीव सैलरी फंड में मंडल द्वारा 13 करोड़ रूपए एकमुश्त जमा कराने पर मंडल प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर मंडल की सचिव संचिता विश्नोई, मुख्य अभियंता केसी मीणा, यूनियन के अध्यक्ष दशरथ कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद, महामंत्री प्रदीप शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरसी बुढानिया, संयुक्त मंत्री गोविन्द नाटाणी, रमेश शर्मा मौजूद थे।

# पुणे में प्रदर्शनी के जरिये मतदाता जागरूकता बढ़ाने की कवायद

■ ब्यूरो की आउटरीच गतिविधियां और लोक-संगीत के कार्यक्रम, संचार के अत्यंत शक्तिशाली माध्यम हैं : राजीव कुमार

■ ज्यादा संख्या में युवा पात्र मतदाताओं के पंजीकरण से ही इस लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है : अनूप चंद्र पाण्डेय



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पाण्डेय ने गुरूवार को महाराष्ट्र के सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में ''मतदाता पंजीकरण-लोकतंत्र की दिशा में पहला कदम'' विषय पर एक मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पाण्डेय द्वारा आज महाराष्ट्र के सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में "मतदाता पंजीकरण-लोकतंत्र की दिशा में पहला कदम" विषय पर एक मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया जो एक मतदाता के रूप में चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के महत्व को रेखांकित करती है और भारतीय चुनावों की भव्यता को प्रदर्शित करती है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा जिला चुनाव अधिकारी, पुणे के सहयोग से आयोजित ये तीन दिवसीय प्रदर्शनी, मतदाता जागरूकता को बढ़ाने की एक कवायद है जो आज मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण 2023 के राष्ट्रव्यापी लॉन्च के अवसर पर की जा रही है।

डीईओ पुणे ने प्रदर्शनी स्थल पर युवा मतदाताओं को नामांकित करने के लिए विशेष पंजीकरण शिविर भी लगाए हैं। भारतीय चुनाव और मतदाता पंजीकरण के विषय को कई तरह से उभारा जा रहा है, जैसे- सीबीसी के वर्चुअल रियलिटी कियोस्क के माध्यम से जो मतदान केंद्रों को प्रदर्शित करते हैं,भारतीय चुनाव पर फ्लिप बुक,एक ऑगमेंटेड रियलिटी टच वॉल,एसएसआर2023फॉर्मों के डिजिटल प्रदर्शन और चुनावी कहानियों पर एक साउंड शो के माध्यम से। इनके अलावा चुनाव आयोग की नई पहलों पर एक अलग खंड भी है, स्वीप के दायरे का प्रदर्शन और भारतीय लोकतंत्र पर एक वॉल भी है। साथ ही, सीबीसी के गीत और नाट्यय कलाकारों ने "कोई मतदाता पीछे न छूटे" की ईसीआई वाली थीम पर रंगारंग प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर बोलते हुए सीईसी राजीव कुमार ने सीबीसी द्वारा लगाई गई रंगारंग प्रदर्शनी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के इस युग में भी सीबीसी आउटरीच गतिविधियां संचार का एक अत्यंत शक्तिशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि देश का लोक संगीत यानी लोक गायन और लोक कथा की सांस्कृतिक विरासत इतनी समृद्ध,इतनी विविध और विस्तृत है कि इन्हें जानने-समझने में ही वर्षों लग जाएंगे। सीबीसी की अतिरिक्त महानिदेशक रंजना देव शर्मा ने कहा कि सीबीसी व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रमों के तहत अपनी क्षेत्रीय और जमीनी गतिविधियों के माध्यम से भारत के चुनाव आयोग के संचार और आउटरीच अभियानों का एक अभिन्न अंग रहा है। देश भर में लगभग 150 स्थानों पर अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ, सीबीसी ने देश में विभिन्न संचार अभियानों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा कि इस संदेश को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए सीबीसी ने अपनी सभी संसाधनों का उपयोग किया है जिसमें देश के नागरिकों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करने के लिए दूरदराज के गांवों में लोक कलाकार मंडलियों और फील्ड अधिकारियों द्वारा डेरा जमाना,युवाओं तक पहुंचने के लिए उन्नत तकनीकी घटकों का उपयोग करके अभियान चलाना आदि शामिल है।

# जामडोली के फार्म हाउस में घुसा बघेरा

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में वन्यजीवों का शहरी क्षेत्र में आने का सिलसिला खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। गुरुवार को आगरा रोड स्थित जामडोली में एक बघेरा अपनी सरहद पार करते हुए फार्म हाउस में जा छिपा। जयसिंह पुरा खोर स्थित एक फार्म हाउस में बघेरे के घुसने की सूचना से हडक़म्प मच गया। सूचना मिलने पर जयपुर जू के पशु चिकित्सक डॉ. अशोक तंवर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बघेरे को ट्रंकुलाइज किया।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को जयसिंह पुरा खोर में जैन दादाबाड़ी केशव विद्यापीठ में एक तक्षिशला फॉर्म हाउस में एक फार्म हाउस में नर बघेरा घुस गया। बघेरा फार्म हाउस के टॉयलेट में जा घुसा, जिसे देखकर मौके पर कार्यरत कार्मिक घबरा गए और उन्हें उसे टॉयलेट में ही बंद कर दिया। इसके बाद फार्म मालिक राहुल जैन ने इसकी सूचना वन विभाग और टीम रक्षा को दी। सूचना मिलने पर जयपुर जू के पशु चिकित्सक डॉ. अशोक तंवर और राजेंद्र सिंह की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद उसे ट्रैंकुलाइज किया।

# बदमाशों की मारपीट से घायल प्रोपर्टी कारोबारी ने दम तोड़ा

## बैनाड़ रोड पर श्याम नगर में बुधवार शाम आधा दर्जन बदमाशों ने लाठी-डंडों और सरियों से की थी मारपीट

■ पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है, इनमें एक युवक आरोपी शिवराज सिंह की मौसी का लड़का है।

■ पुलिस की 22 टीमें आरोपियों की तलाश में जयपुर समेत कई जिलों में भेजी

**जयपुर** (कासं)। करधी क्षेत्र में बैनाड़ रोड पर बुधवार शाम को बदमाशों की मारपीट से घायल हुए प्रोपर्टी कारोबारी विजेन्द्र सिंह ने गुरूवार सुबह सवाई मानसिंह अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसकी मौत के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। इनमें एक युवक आरोपी शिवराज सिंह की मौसी का लड़का है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा और गुलाबबाड़ी में अंतिम संस्कार कराया। हमलवार बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस ने 22 टीमें बनाई हैं, जो कि जयपुर समेत कई जिलों में दबिश दे रहीं है।

ज्ञात रहे कि बुधवार शाम को प्रोपर्टी कारोबारी विजेंद्र सिंह गुलाब पर तीन कारों में आए बदमाशों ने हमला किया था। बदमाशों ने लाठी-डंडों से विजेन्द्र को इतना मारा कि वह अधमरा हो गया था। बदमाश जाते हुए फायरिंग भी करके गए थे।

यह वारदात सीसीटीवी में भी रिकॉर्ड हो गई थी। घटना बुधवार शाम की बैनाड़ मोड़ के श्याम नगर की है। बुरी तरह से घायल कारोबारी को मरुधरा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

पुलिस के मुताबिक शाम करीब 5 बजे करधनी निवासी विजेंद्र सिंह (40) अपनी स्कॉर्पियो कार से घर लौट रहे थे। तभी अचानक एक बोलेरो कैंपर व एक अन्य कार उनकी गाड़ी के सामने आकर रुकी।

विजेंद्र ने जैसे ही गाड़ी पीछे की तरफ ली, हथियारबंद बदमाशां ने गाड़ी को टक्कर मारते हुए एक मकान की सीढ़ियों पर चढ़ा दी। उसके बाद कांच तोड़कर विजेंद्र पर हमला कर दिया। हमले के बाद विजेंद्र सिंह को स्थानीय लोग मरुधरा अस्पताल लेकर पहुंचे थे। घटना की जानकारी मिलने पर एसीपी करधनी प्रमोद स्वामी भी मौके पर पहुंचे थे, उन्होंने विजेंद्र से मुलाकात कर जानकारी ली थी। एसीपी प्रमोद स्वामी के अनुसार, विजेंद्र पर नागौर के परबतसर निवासी जितेन्द्र सिंह, झोटवाड़ा निवासी सागर सिंह, भगवान सिंह ततारपुर और अजय सिंगोद सहित आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने हमला किया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए करधनी व झोटवाड़ा थाने की स्पेशल टीमें दबिश दे रही हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि दीपावली से पहले दादी के फाटक के पास स्थित एक होटल में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। इसका बदला लेने के लिए बुधवार को हमला किया गया।

# छतरगढ़ में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल गुरूवार को छतरगढ़ के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई की और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने उपखंड स्तर के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना वजह ग्रामीणों की समस्याओं को लम्बित नहीं रखा जाए। उन्होंने कहा कि जो परिवादी समस्या लेकर आए उसका तत्काल समाधान करें। जो काम उपखंड स्तर पर नहीं होना है, उसके बारे में संबंधित को जानकारी दी जाए, जिससे ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर ना लगाने पड़ें।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों के निरंतर निरीक्षण करें, जिससे व्यवस्था संबंधी फीडबैक मिल सके। उन्होंने उपखंड अधिकारी एवं विकास अधिकारी, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत शत प्रतिशत परिवारों का पंजीकरण करवाया जाए। जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि 507 हैड के पास घेघड़ा झील में जल जीवन मिशन योजना के तहत चिन्हित वाटर रिजर्व वायर बनाने से बड़ी संख्या पौधे कटेंगे, जो पर्यावरण के लिए ठीक नहीं है।



छतरगढ़ में आयोजित ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने आमजन की समस्याएं सुनी।

उन्होंने तत्काल इस कार्य रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एसडीएम छतरगढ़ को इसके लिए पाबंद भी किया कि वाटर रिजर्व वायर के लिए छतरगढ़ के पास नहर किनारे अराजी राज भूमि देखकर इसके प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने इस संबंध में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता को भी निर्देश दिए।

जन सुनवाई में सद्दाम हुसैन भाटी ने छतरगढ़ आबादी भूमि के प्रकरण का निस्तारण करके ग्रामीणों को व्यावसायिक, वाणिज्यक दुकानों के पट्टे दिलाने की मांग की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किश्त दिलाने की मांग की। इस दौरान अर्जुन सिंह भाटी, राधेश्याम छींपा ने छतरगढ़ इलाके में खरीफ की फसल की गिरदावरी करवाकर किसानों को क्लेम दिलाने की मांग पर जोर दिया। मनोहर लाल ने पिछले 6 माह से इंतकाल दर्ज नहीं होने की शिकायत दी। इस अवसर पर खातेदारी खेत में जाने के लिए रास्ता स्वीकृत करवाने, छतरगढ़ की डिग्गी की क्वालिटी खराब होने, छतरगढ़ के मुख्य बाजार में सीसी रोड़ बनाने संबंधी समस्याएं रखी।

■ एसडीएम छतरगढ़ को पाबंद किया कि वाटर रिजर्व वायर के लिए छतरगढ़ के पास नहर किनारे अराजी राज भूमि देखकर इसके प्रस्ताव तैयार करें

कलाल ने छतरगढ़ सामुदायिक चिकित्सालय का अवलोकन किया। चिकित्सालय में आउटडोर, मेडिसिन रूम, कंप्यूटर पर रोगियों की पर्चियों को अपडेट करने, अवधि पार दवाओं को डिस्पोजल करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन चिकित्सा भवन का भी अवलोकन किया तथा इसमें रही कमियों को तत्काल सुधारने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने उपखंड कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सत्तासर व आंगनबाड़ी केन्द्र सत्तासर का भी निरीक्षण।

उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बगीचे में सहजन के पौधों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र मे गर्भवती महिला की गोद भराई रस्म भी करवाई तथा ममता कार्ड के रख रखाव के निर्देश दिए।

## 16 ग्राम हेरोइन सहित दबोचा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले को नशामुक्त करने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन फ्लश आउट, साहो और ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत टाउन पुलिस ने दो जगहों पर कार्रवाई करते हुए 16 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित 2 युवकों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की।

पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच में जुटी है। टाउन थाने की कार्यवाहक प्रभारी एसआई शालू बिश्नोई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम रात को गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम सतीपुरा-टिब्बी बाइपास स्थित दशहरा ग्राउंड के पास पहुंची तो वहां घूम रहा एक जना पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उक्त शख्स को दबोच तलाशी ली तो उसके पास 8 ग्राम हेरोइन मिली।

पुलिस ने हेरोइन बरामद कर मौके से राजकुमार पुत्र बृजमोहन बावरी निवासी गांव कोहला हाल दारासिंह कॉलोनी, रूपनगर, टाउन को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जंक्शन थाना के एसआई जगदीश प्रसाद को सौंपी गई है। दूसरी कार्रवाई में एसआई पूर्णसिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रात को करते हुए बाइक सवार एक युवक को 8 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। एसआई पूर्णसिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही पुलिस टीम ने एचएमएच नहर की पुलिया पर शक के आधार पर एक बाइक सवार को रूकवाकर तलाशी ली तो उसके पास 8 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने की जनसुनवाई



**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला कलेक्टर रुक्मणि रियार ने गुरूवार को संगरिया में आयोजित ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में हिस्सा लेते हुए लोगों की परिवेदनाएं सुनी और ज्यादातर परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण किया। खास बात ये जनसुनवाई के दौरान ही जिला कलेक्टर ने संगरिया में अंडरब्रिज की मांग को लेकर चल रहे धरने को भी बातचीत के जरिए तत्काल हल कर दिया। जिला कलेक्टर को जब धरने का पता चला तो उन्होने धरनाथि्यों को बातचीत के लिए बुलाया और उनकी समस्या सुनी। इस दौरान जिला कलेक्टर ने रूडसिको और आरएसआरडीसी के उच्च अधिकारियों से बात कर धरनाथि्यों को अंडरब्रिज के जल्द निर्माण को लेकर आश्वस्त किया। जिला कलेक्टर के आश्वासन पर धरनार्थियों ने तत्काल धरना हटा दिया। वहीं प्रत्येक माह के दूसरे गुरूवार को होने वाली ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने पंजाबी भाषा बोलने वाले परिवादियों से पंजाबी भाषा में ही वार्तालाप कर उनकी परिवेदनाएं सुनी और उनका निस्तारण करवाया। नाथवाना से संगरिया रोड़ के कम चौड़ा होने और रास्ते के बाधित होने के चलते जिला कलेक्टर ने पीडब्लयूडी के अधिकारियों को इसका सर्वे कर रोड़ को चौड़ा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा संपर्क पोर्टल पर पेंडिंग मामलों का प्रत्येक सोमवार को होने वाली बैठक में समीक्षा करते हुए इनका जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। अतिक्रमण के एक मामले में विकास अधिकारी को मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

### सुधा सह संयोजक नियुक्त

**बीकानेर,** (कासं)। पार्षद सुधा आचार्य भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय पर्यावरण प्रकोष्ठ की सह संयोजक नियुक्त, बीकानेर के जिला अध्यक्ष सुनील बांठिया ने बताया कि पार्षद सुधाआचार्य को मंच के पर्यावरण प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय सह संयोजिका, मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल ने नियुक्त किया है। मति आचार्य पूर्व में बीकानेर जिले की 3 बरस तक महिला विभाग की अध्यक्षा रह चुकी है। निरंतर भारत तिब्बत सहयोग मंच की रीति नीति के अनुसार सक्रिय रहकर कार्य कर रही हैं। उनकी नियुक्ति पर जिले के अध्यक्ष सुनील बांठिया, उपाध्यक्ष दिलीप पूरी, दिनेश सक्सेना, महामंत्री शिवराज विश्नोई, दिलीप सिंह हाडा, कोषाध्यक्ष किशोर बांठिया, आरसी सिरोही, नरेश मारू, रतन लाल सोमानी, किशन लाल व्यास, मदन गोपाल मदान, प्रवीण बोथरा, राजकुमार भाटिया,श्याम सुंदर भोजक, महेश पुरोहित, नवरतन, हिमांशु शर्मा,महिला विभाग की अध्यक्षा प्रोमिला गौतम, संगीता शेखावत, शक्ति पारीक, माया सोनी, रीना पवार, सरोज आदि मंच से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त आचार्य को बधाई दी।



### शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन



(रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला से मुलाकात करके राज्य भर के शिक्षको की मांगो तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादले करने, उप प्रधानाचार्य के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती करवाने, शिक्षको को बीएलओ सहित किसी भी गैर शैक्षणिक कार्य में नहीं लगाने, दो सत्रों की बकाया वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पदोन्नति जल्द करवाने, राज्य के सभी उच्च माध्यमिक स्कूलों में अनिवार्य विषयों के पद स्वीकृत करने की मांग को जल्द पूरा करने की मांग की। शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला ने सभी मांगों को सुना व सभी मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया। इस मौके पर शिक्षक संघ भगतसिंह के प्रदेश संरक्षक किशोर पुरोहित मौजूद थे।

### उर्दू दिवस मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। तहरीक ए उर्दू राजस्थान द्वारा आज डॉक्टर अल्लामा इकबाल के जन्मदिन के अवसर पर उर्दू दिवस मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीसीसी सदस्य पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद ने कहा 'हर एक जुबां से मीठी उर्दू जबा हमारी हम इसके पास बा ये पास बा हमारी' आज हमें फक्र के साथ कहना पड़ता है कि उर्दू की पैदाइश हिंदुस्तान में हुई जिसमें अंग्रेजी, पंजाबी, हिन्दी, उर्दू, अरबी, फारसी, संस्कृत, हिन्दी कई जबानों से मिलकर के यह जबान बनी।

# बैठक में सिंचाई पानी, डीएपी व यूरिया का मुद्दा उठाया

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। जिला परिषद श्रीगंगानगर की विशेष साधारण सभा की बैठक गुरूवार को जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं की ओर सदन का ध्यान आकर्षित किया।

इससे पूर्व गत बैठक में उठाए गये विभिन्न प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों ने कार्यवाही से सदन को अवगत करवाया। जिला परिषद डायरेक्टर मंगल सिंह ने रसद विभाग से संबंधित समस्या बताते हुए डीएपी और यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। रायसिंहनगर पंचायत समिति प्रधान सुनीता गोदारा ने स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता की मांग की।



श्रीगंगानगर जिला परिषद की विशेष साधारण सभा की बैठक को जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा ने संबोधित किया।

जिला परिषद सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी सिंचाई पानी, पेयजल, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी सदन में रखते हुए उनके निराकरण करने पर बल दिया। इस पर जिला प्रमुख इंदौरा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि पंचायती राज की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाये। बैठक में मौजूद गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहरी समस्याओं के समुचित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं की जानकारी नियमित रूप से दी जाये ताकि उसी अनुरूप उनका निस्तारण करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सभी क्षेत्रों में निर्माण व विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। बजट संबंधी समस्या नहीं है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं के तत्काल निस्तारण के लिये अधिकारी गंभीरतापूर्वक प्रयास करें।

## खुद के औजार मांगने पर पीटा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन के रोड़ावाला गांव में अपने औजार वापस मांगने पर एक व्यक्ति की पिता-बेटों ने पिटाई कर दी। मारपीट में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मामले में जंक्शन पुलिस ने घायल के भाई की रिपोर्ट पर 3 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हैड कांस्टेबल विजय सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश (50) पुत्र जैसाराम निवासी रोड़ावाली गांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके छोटे भाई रामकुमार ने गांव के साजन पुत्र बुधराम को अपने औजार ग्राइंडर और हैंड कटर दिया था। काफी दिन बाद वापस मांगे तो साजन ने कहा कि वह लौटा देगा। 4 नवम्बर को उसका छोटा भाई यह औजार लेने गांव के बस स्टैंड पर गया तो साजन, प्रदीप पुत्र साजन, नरेश पुत्र साजन ने बस स्टैंड पर खड़े थे। औजार मांगने पर नरेश ने कहा कि उन्होंने औजार बेच दिए हैं, हमारे पास सामान नहीं है। उसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित की पत्नी नीतू के शोर मचाने पर वह घर से बस स्टैंड पर भाग गया।

# माहेश्वरी यंग स्टार ने 7 विकेट से जीता

**नोखा,** (निसं)। माहेश्वरी समाज की जिला स्तरीय नाइट बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता एमसीएल- 2022 में दूसरे दिन छह रोमांचकारी मुकाबले खेले गए। इस अवसर भारी संख्या में दर्शक महिला व पुरूष उपस्थित थे।

■ नाइट बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता में दूसरे दिन छह रोमांचकारी मुकाबले खेले गए

दिनेश राठी व जितेंद्र करनाणी ने बताया कि पहला मैच माहेश्वरी रॉयल्स व रॉयल्स स्टार नोखा के बीच खेला गया। जिसमें रॉयल स्टार नोखा ने 41 रन से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच भागीरथ चांडक रहे। दूसरे मैच में नोखा ब्लास्टर व फाइटर किंग्स नोखा के बीच खेला गया। जिसमें नोखा ब्लास्टर ने 6 विकेट से मैच जीता। भरत भट्टड़ मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरा मैच कुबेर रॉयल्स व श्री श्याम रॉयल्स के बीच खेला गया। जिसमें कुबेर रॉयल्स ने 43 रनों से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच लोकेश करनानी रहे।

चौथा मैच नोखा सुपर जायंटस व घंटाघर स्पोर्टस के बीच खेला गया। जिसमें घंटाघर स्पोर्टस ने 6 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच भागीरथ झंवर रहे। पांचवा मैच नोखा थण्डर वर्डस व माहेश्वरी रॉयल्स के बीच खेला गया। जिसमें माहेश्वरी रॉयल्स ने 5 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच निखिल चांडक रहे। छठा मैच फाइटर किंग्स नोखा व माहेश्वरी यंग स्टार के बीच खेला गया। जिसमें माहेश्वरी यंग स्टार ने सात विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच मधुसूदन सोनी रहे।

इस अवसर पर मनोज बजाज, चांदरतन बजाज, किशन करवा, ललित चितलंगी, महावीर तापड़िया, रेवंतमल बजाज, डॉ बी. एम. तापड़िया, सुरेश झंवर, कैलाश करवा, जगदीश डागा, श्याम सुन्दर भटटड़, प्रहलाद झंवर, लिछू झंवर, सूरजमल चांडक, कैलाश चांडक, पार्षद देवकिशन चांडक, गजराज तापड़िया, शिवप्रकाश चांडक, करणीदान राठी, ललित बिहणी ने मैन ऑफ द मैच देकर पुरस्कृत किया। खिलाड़ियों में जश्न का माहौल था।

# किसानों का सिंचाई ऑफिस पर प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले श्रीगंगानगर के श्रीबिजयनगर में सिंचाई विभाग के ऑफिस पर प्रदर्शन किया।

संगठन सदस्य सूरतगढ़ शाखा में पिछले दिनों नहर में आये कटाव के बाद किसानों हुए पानी की बारी के नुकसान की क्षतिपूर्ति देने की मांग कर रहे थे। किसानों ने नहर में कटाव के दौरान किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की। उनका कहना था कि इससे बुवाई की हुई सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। किसान सभा की केन्द्रीय किसान कौंसिल के मैम्बर श्योपत मेघवाल के नेतृत्व में किसानों ने हनुमानगढ़ स्थित चीफ इंजीनियर और श्रीगंगानगर कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

इसमें किसानों ने सूरतगढ़ शाखा में रविवार, सोमवार, मंगलवार व बुधवार की बारियों की भरपाई करने और पानी भराव से किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की। किसान नेता मेघवाल ने कहा कि एपीडी नहर टूटने से सूरतगढ़ शाखा की सिंचाई सुविधा प्रभावित हुई है। बिजाई के समय में नहर टूटने से किसानों को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पानी की बारी की क्षतिपूर्ति नहीं दी गई तो खेतों में बिजाई ही संभव नहीं होगी।

## युवती ने फांसी लगा जान दी

**नोखा,** (निसं)। नोखा में 20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार जोरावरपुरा बालबाड़ी स्कूल के पास निवासी अंजली व्यास पुत्री श्यामसुन्दर व्यास ने घर में बने एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके बाद परिजन अंजली को बागड़ी अस्पताल लेकर आये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर नोखा पुलिस बागड़ी अस्पताल पहुंची व अंजली के शव को बागड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

# बिजली बिलों में फ्यूल सरचार्ज के नाम पर वसूली का विरोध

**हनुमानगढ़,** (कासं)। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सरचार्ज के नाम पर वसूली बंद करने और बिजली बिलों की तारीख बढ़ाने की मांग की।

■ सरचार्ज के नाम पर अवैध वसूली बंद करने की मांग

बिजली बिलों में फ्यूल सरचार्ज के नाम पर वसूली और बिल जमा करवाने की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी करने की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के बैनर तले लोगों ने हनुमानगढ़ टाउन स्थित जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एईएन का घेराव किया। इस दौरान मांग नहीं माने जाने पर ऑफिस के सामने बेमियादी धरना शुरू करने की चेतावनी दी। इससे पहले ऑफिस का घेराव कर रहे आप कार्यकर्ताओं और लोगों ने एईएन की गैर मौजूदगी में उनके चैम्बर की मेज थपथपाते हुए जमकर नारेबाजी की।

आम आदमी पार्टी के जिला को-ऑर्डिनेटर सुरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान की सरकार के मुखिया गुजरात व हिमाचल प्रदेश के चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। वहां घोषणा की जा रही है कि गुजरात और हिमाचल में 300-300 यूनिट फ्री दी जायेगी। दूसरी तरफ राजस्थान के बिजली उपभोक्ताओं पर छोटे-छोटे टैक्स लगाकर चौथ वसूली का अभियान चला रखा है। इस महीने आये हर तीसरे बिल में सरचार्ज के नाम से 2000 से 15 हजार रूपए तक लोगों से अवैध वसूली की जा रही है। पिछले बिल तक बकाया राशि के नाम पर कहीं 5, 10, 50 तो कहीं 100 रुपए बिल में जोड़े गए हैं।

# प्रदेश की स्कूलों में हर तीसरे शनिवार को बच्चे सीखेंगे शतरंज : कल्ला

-शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने 'चेस इन स्कूल' का बीकानेर से किया शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य की समस्त स्कूलों में प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को नो बैग डे के दौरान विद्यार्थियों को चैस खेलने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसकी शुरुआत गुरूवार को बीकानेर से की गई।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने गुरूवार को रवीन्द्र रंगमंच पर स्कूली शिक्षा में राज्य सरकार की नई पहल 'चैस इन स्कूल' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में डॉ. कल्ला ने कहा कि 19 नवम्बर से प्रदेश की समस्त स्कूलों में एक साथ यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा। यह अपने आपमें इतिहास होगा। इससे बच्चों के मानसिक विकास को बाल मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों में ग्रामीण क्षेत्रों के 30 लाख खिलाड़ी जुड़े।

कल्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार शहरी क्षेत्र में भी इन खेलों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 'चैस इन स्कूल' प्रारंभ होने से बच्चों में एकाग्रता, याद दाश्त, अनुशासन, आत्मचिंतन बढ़ाने का मौका मिलेगा। डॉ कल्ला ने कहा कि मोबाइल के नकारात्मक प्रभाव के बीच यह पहल भावी पीढ़ी के मस्तिष्क को और रचनात्मक बनाने में मददगार हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इन खेलों से स्कूल से चैम्पियन निकलेंगे और दुनिया में राजस्थान का नाम रोशन करेंगे। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने कहा कि शतरंज से जिंदगी को समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक करोड़ घरों तक इस खेल की पहुंच होना बहुत बड़ी बदलाव लायेगा।



बीकानेर में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने रविन्द्र रंगमंच पर मोहरे चलाकर 'चैस इन स्कूल' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

■ 'चैस इन स्कूल' कार्यक्रम का शुभारंभ किया

स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि देश में पहली बार बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और मजबूती के लिए राज्य सरकार द्वारा यह अभिनव पहल की गई है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने मशाल जलाकर इसे शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सौंपी।

शिक्षा मंत्री ने सांकेतिक रूप से स्कूली बच्चों के साथ शतरंज खेल कर कार्यक्रम की शुरूआत की। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की अतिरिक्त निदेशक शिक्षा रचना भाटिया ने स्वागत उद्‌बोधन दिया।

# 'भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी को रि-लांच कर रही है कांग्रेस'

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरूवार को एक दिवसीय श्रीगंगानगर दौरे पर आये, जहां उन्होंने संगठन के कार्यक्रमों में भाग लिया।

प्रातः 11 बजे एक निजी होटल में हुई प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि हम देश के लिए राजनीति करते हैं उन्होंने बताया कि भाजपा में आठ संगठन मंत्री है, जिनका काम पूरे देश में संगठन के कार्यों को देखना है और पूरे देश में संगठन को मजबूत करने का है। उसी कार्य के लिए वे आज गंगानगर आये हैं। उन्होंने बताया कि वे लगातार तीन दिन तक राजस्थान का दौरा कर पोलिंग बूथ कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं, मण्डल समितिओं, जिला कार्यकारिणी कार्यकर्ताओं आदि भाजपा के पूरे संगठनात्मक ढ़ाचे के बारे में जानकारी लेंगे और देखेंगे की संगठन कैसे कार्य कर रहा है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की रि-लांचिंग करने का प्रयास कर रही है कांग्रेस। प्रेस वार्ता में भाजपा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, सांसद निहालचंद मेघवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड़, विधायक बलवीर लूथरा सहित अनेकों भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

■ भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक ढांचे के बारे में जानकारी दी



श्रीगंगानगर में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय ( बीच में ) ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

